सांवरे तू मेरा दिलदार है

सांवरे तू मेरा दिलदार है सांवरे तू मेरा यार है
खाटू वाले के चरणों में बसती है दुनिया साड़ी
दुनिया में बाबा श्याम की सूरत है सबसे प्यारी
हाँ भूल के साड़ी दुनिया को बस चहुँ तेरी यारी
सांवरे तू मेरा दिलदार है ....

दुनिया ने है ठुकराया मैं तेरी शरण में आया
मेरे श्याम ने हाथ पकड़ कर इस भव से पार लगाया
है हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा
सांवरे तू मेरा दिलदार है ....

कीर्त्तन की है तैयारी आजाओ मेरे बिहारी
लीले घोड़े पे चढ़कर दे जाओ खुशियां साड़ी
किस्मत के खुल गए ताले मैं जाऊं रे बलिहारी
सांवरे तू मेरा दिलदार है ....

मेरा श्याम है खाटू वाला ये भक्तों का रखवाला
जिसको मिल जाये सेवा वो तो है किस्मत वाला
सावन को तो बस चाहे खाटू वाले की यारी
सांवरे तू मेरा दिलदार है ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12896/title/sanware-tu-mera-dildaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |